सीएसआईआर–केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर–सीमैप)
**CSIR-Central Institute of Medicinal & Aromatic Plants (CSIR-CIMAP)**
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
**(Council of Scientific & Industrial Research)**
पो.ऑ.–सीमैप, लखनऊ–226015
**P.O.-CIMAP, Lucknow-226015**

CSIR-CIMAP

डा. संजय कुमार
मुख्य वैज्ञानिक एवं समन्वयक
प्रौद्योगिकी प्रसार एवं कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी
फोन नं. 0522–2718598, 2718596

पत्रांकः सीमैप/टी.डी.सी.बी./एरोमा मिशन–III/2025–26 दिनांकः 02.09.2025

प्रिय महोदय/महोदया,

आपको जानकर अपार हर्ष होगा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण **"औषधीय एवं सगंध पौधों की खेती, प्रसंस्करण और विपणन एवं अपशिष्ट का मूल्य संवर्धन विषय पर कौशल–सह–तकनीकी उन्नयन कार्यक्रम"** सीएसआईआर एरोमा मिशन फेज– III परियोजना के अन्तर्गत **दिनांक 13–16 अक्टूबर, 2025** के मध्य सीएसआईआर–केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर–सीमैप), लखनऊ में एक कौशल–सह–तकनीकी उन्नयन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुगंधित फसलों जैसे मिन्ट, नींबूघास, जावाघास, रोशाघास, खस, तुलसी, जिरेनियम, एवं पचौली इत्यादि सगंध फसलों तथा औषधीय पौधे जैसे कालमेघ, अश्वगंधा एवं सतावर इत्यादि की कृषि प्रौद्योगिकियों एवं प्रसंस्करण, आसवन विधियों पर विस्तृत जानकारी तथा आसवन अपशिष्ट का मूल्य संवर्धनः मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहन, पर्यावरण अनुकूल कटलरी एवं वर्मीकम्पोस्ट बनाने की विस्तृत जानकारी। कार्यक्रम में व्याख्यान के साथ–साथ नवीन तकनीकियों तथा उनकी रोपण विधियों का सजीव प्रर्दशन भी किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सगंध पौधों की गुणवत्ता की जांच तथा उनके बाजार की भी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। इस कार्यक्रम में कोई भी कृषक, प्रसार कार्यकर्ता एवं अन्य जो भी इन विषयों की जानकारी प्राप्त करने का इच्छुक हो, भाग ले सकते हैं, भाग लेने हेतु **रूपये 4000/– (रूपये चार हजार मात्र)** का शुल्क **Director, CIMAP, Lucknow के भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ की मुख्य शाखा में खाता संख्या–30267691783, IFSC Code – SBIN0000125,** MICR Code – 226002002 में दिनांक **06 अक्टूबर, 2025** तक भेज कर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करा सकते हैं, तथा इसका विस्तृत प्रमाण, आवेदन पत्र एवं एक पहचान पत्र के साथ training@cimap.res.in पर भेजा जा सकता है। इस शुल्क में पंजीकरण सामग्री एवं दोपहर का शाकाहारी भोजन शामिल है। **प्रतिभागी को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।** पंजीकरण प्रथम–आगत प्रथम–स्वागत के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए 0522–2718599, 598, 596, 694, 605, 606, 637, 588 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नोटः सीटों की संख्या 50 प्रतिभागी तक सीमित है। प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर पंजीकरण अन्तिम तिथि से पहले भी बन्द किया जा सकता है।**

**धन्यवाद।**

संजय कुमार
3/9/25

**(संजय कुमार)**